



## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब ग्रेटर ने स्कूल में किया पौधरोपण

**रायगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर द्वारा 16 जुलाई को संस्कार पब्लिक स्कूल में सौ फलदार और फूलदार पौधों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम रोटरी संस्थापक पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी, अध्यक्ष मनीष जायसवाल और कार्यक्रम अध्यक्ष उत्पल जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहाए जीवन के विकास के लिए पौधों का संरक्षण जरूरी है, जिससे समाज और आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर रामचंद्र शर्मा, प्रिंसिपल रश्मि शर्मा सहित स्टाफ ने हिस्सा लिया और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### आईटीआई पुसौर में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पुसौर में संचालित विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें एक वर्षीय एनसीवीटी व्यवसाय कोपा, वेल्डर फेब्रिकेशन एंड फिटिंग, मैकेनिक डीजल तथा द्विवर्षीय एनसीवीटी व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन एवं फिटर शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई तक वेबसाइट द पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण एवं आयु 14 वर्ष या अधिक निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पुसौर से संपर्क कर सकते हैं।

### जिले में 545.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 जुलाई तक 545.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 18.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 629 मिली मीटर मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### खदान में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**अकलतरा।** नगर के लटिया रोड में संचालित क्रशर खदान में युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। अंशुमन यादव पिता शंकर यादव उम्र 19 साल सोमवार 14 जुलाई की शाम से लापता था। घरवालों ने दोस्तों से पता किया लेकिन पता नहीं चला। सुबह घरवालों ने ढूंढना शुरू किया तब लटिया रोड में संचालित क्रशर खदान के पास अंशुमन यादव का एक्टिवा सफेद रंग की गिरी हुई दिखी तब घरवालों ने आकर क्रशर खदान में तलाश किया तो देखा कि वही पर संचालित क्रशर खदान में युवक की लाश पड़ी है। पुलिस ने बताया कि युवक की हत्या हुई है या दुर्घटना यह फोरेंसिक एक्सपर्ट के द्वारा जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही बताया जा सकता है।

# डिफॉल्टर को मिला रेडी-टू-ईट का ठेका, अंकों के खेल पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्षम योजना आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत रेडी.टू.ईट पूरक पोषण आहार वितरण के लिए महिला स्व.सहायता समूहों का चयन विवादों में आ गया है। ग्राम लोढ़ाझर की जय बगलामुखी महिला स्व.सहायता समूह ने विभाग पर भेदभावपूर्ण मूल्यांकन का आरोप लगाते हुए कहा है कि अंकों की हेराफेरी कर उन्हें जानबूझकर चयन सूची से बाहर किया गया। जबकि एक डिफॉल्टर समूह को काम दे दिया गया।

जय बगलामुखी समूह ने विभाग को विस्तृत दावा पत्र सौंपते हुए अपनी पात्रता के पक्ष में कई ठोस दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। समूह ने चयन प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण बताते हुए कहा है कि मूल्यांकन में जानबूझकर अनदेखी की गई। पत्र में समूह ने तर्क भी दिए हैं। जिसमें कहा गया है कि समूह ने वर्ष 2024-25 के लिए 10,000 की सदस्यता राशि समय पर जमा की थी, लेकिन विभाग ने तीन वर्षों की 36,000 की अपेक्षा कर 4 अंक काट दिए। समूह का तर्क है कि नियमों में तीन वर्षों की राशि जमा करना अनिवार्य नहीं है।

इसी तरह विभाग ने खाता संचालन में अनियमितता दर्शाई, जबकि समूह ने नियमित बैंक ट्रांजेक्शन की रसीदें, स्टेटमेंट और संचालन दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं।

रजिस्टर, सदस्यता रजिस्टर एवं संचालन पुस्तिका की प्रतियां आवेदन में संलग्न होने के बावजूद मूल्यांकन में इनका उल्लेख नहीं किया गया। समूह ने चालू पंजीयन प्रमाणपत्र और जीएसटी नंबर भी संलग्न किया था, लेकिन इस बिंदु पर भी उन्हें अंक नहीं मिला।

समूह का संचालन उसी गांव के रिपा योजना अंतर्गत बने गोठान भवन से किया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुसार स्थानीय समूहों को वरीयता दी जानी चाहिएए परंतु इस पक्ष को भी नजरअंदाज कर दिया गया।

**महिला स्व सहायता समूह ने भेदभावपूर्ण मूल्यांकन का लगाया आरोप**



### शासन ने नियम को पारदर्शी बनाया

शासन ने चयन प्रक्रिया को पूर्णतः दस्तावेज आधारित, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। यानी इसमें जरा भी लापरवाही नहीं चल पाएगी। ऐसे में यदि समूह के आरोप और दावे सही पाए जाते हैंए तो यह न केवल विभागीय कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न है, बल्कि अन्य पात्र समूहों के साथ भी अन्याय होगा। समूह का ये भी कहना है कि यदि उनकी आपत्तियों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया तो वे मामले को कलेक्टर कार्यालय और उच्च स्तर पर शासन के पास लेकर जाएंगे।

### चयन सूची को स्थगित करने की मांग

महिला स्व सहायता समूह ने स्पष्ट मांग की है कि चयन सूची को तत्काल स्थगित किया जाए। इसी तरह सभी दस्तावेजों की निष्पक्ष पुनः जांच की जाए। गलत अंक निर्धारण को सुधारा जाए। वहीं उन्होंने दोषी अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय करने की मांग भी की है।

अंकों के अनुसार महिला स्व सहायता समूहों को काम दिया गया है। इसमें किसी प्रकार से भेदभाव नहीं किया गया है।

**एलआर कच्छप**
डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग।

## जिंदल प्रबंधन ने वाहनों को पकड़ा, उद्योग पर लगा 4 लाख का जुर्माना

# एनटीपीसी लारा के 6 वाहन जिंदल की जमीन पर डंप करने पहुंचे थे फ्लाईऐश..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा के 6 वाहन कलमी गांव में जेएसपीएल की जमीन पर अवैध रूप से फ्लाईऐश डंप करने पहुंचे थे। फ्लाईऐश अनलोड होता इससे पहले ही जिंदल प्रबंधन द्वारा इन वाहनों को पकड़कर पर्यावरण विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची और एनटीपीसी उद्योग पर 4 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

दरअसल जिले के अधिकांश उद्योगों के पास फ्लाईऐश के निपटान की कोई सुविधा नहीं है। चाहे दिन हो या रात उद्योगों द्वारा बेखौफ होकर किसी भी गांव की खाली जमीन, मुख्य मार्ग किनारे, एनएच किनारे, जंगल, नदी-नालों यहां तक कि गावों के प्रवेश मार्ग में फ्लाईऐश डंप कर दिया जाता है। जिससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है, साथ ही लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। क्योंकि उद्योगों की यह कालिख लोगों शरीर में सांस के माध्यम से घुस रहा है और उन्हें कई घातक बीमारियों का शिकार बना रहा है। ऐसा ही एक कारनामा एनटीपीसी लारा का देखने को मिला है। बुधवार को एनटीपीसी लारा से फ्लाईऐश लेकर निकले 6 वाहन अवैध डंपिंग के इरादे से कलमी गांव पहुंच गए। इसके बाद सभी वाहन के चालक वहां स्थित खाली जमीन पर फ्लाईऐश अनलोड करने की तैयारी करने लगे। चूंकि उक्त जमीन जेएसपीएल



पतरापाली की है तो इसकी भनक कंपनी प्रबंधन को लग गई। जानकारी पाकर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फ्लाईऐश डंप होने से पहले ही वाहन चालकों को पकड़ लिया। इसके बाद इसकी सूचना पर्यावरण विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही पर्यावरण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और फ्लाईऐश लोड वाहन को वापस एनटीपीसी भेजते हुए उद्योग प्रबंधन पर 4 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### सूचना का करते हैं इंतजार

जिले में जिस तरह फ्लाईऐश का अवैध रूप से डंपिंग हो रहा है, पर्यावरण विभाग द्वारा उस तरह की कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जब भी पर्यावरण विभाग के अधिकारियों से कहीं पर भी फ्लाईऐश डंप होने की शिकायत की जाती है तो उनके द्वारा यह कहा जाता है कि वो कैसे जानेंगे उक्त फ्लाईऐश किस उद्योग का है और किसने डंप किया है। इसके बाद मामले को दबा दिया जाता है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो जब कभी किसी स्थान पर फ्लाईऐश डंप होता रहे और उसकी जानकारी मिले तभी कार्रवाई की जाती है। इसका मतलब यह है कि विभागीय अधिकारियों को अवैध रूप से फ्लाईऐश डंपिंग का लाइव शिकायत मिले, तब जाकर ही कार्रवाई होगी।

### रायपुर व बलौदाबाजार जिलों में जाना था फ्लाईऐश

पंचनामा कार्रवाई के दौरान पर्यावरण विभाग की टीम द्वारा एनटीपीसी लारा प्रबंधन से फोन पर संपर्क किया गया तो वहां के प्रतिनिधि ने बताया कि उक्त वाहन रायपुर व बलौदाबाजार जिलों में लो लाइन व एनएच निर्माण के लिए जाना है, लेकिन ये वाहनें कलमी गांव कैसे पहुंच गई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इस तरह उद्योग प्रबंधन ने अपनी खामी छिपाने के लिए पल्ला झाड़ लिया। हालांकि पर्यावरण विभाग ने जुर्माना उद्योग पर ही लगाया है।

एनटीपीसी लारा से 6 वाहन फ्लाईऐश लेकर रायपुर व बलौदाबाजार जाने के लिए निकले थे, लेकिन वो कलमी गांव पहुंच गए। वाहन चालकों द्वारा जिंदल की जमीन पर अवैध रूप से फ्लाईऐश डंप करने की तैयारी की जा रही थी। फ्लाईऐश अनलोड होने से पहले ही जिंदल प्रबंधन द्वारा वाहन चालकों को पकड़ कर इसकी सूचना हमें दी गई। हमारे द्वारा एनटीपीसी उद्योग पर 4 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

**अंकुर साहू**
क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यावरण।

# कापू पुलिस की नाकेबंदी में गांजा तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू पुलिस ने सोमवार को नाकाबंदी करते हुए एक गांजा तस्कर को दबोचा है। जिसके कब्जे से करीब एक किलो गांजा जप्त किया गया है। वहीं उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

■ आरोपी से एक किलो गांजा जप्त, पुलिस ने रिमांड पर भेजा

दरअसल मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम गोढीखुर्द आम बगीचा के पास मेन रोड पर नाकेबंदी की। कुछ देर बाद पत्थलगांव की ओर से बिना नंबर की बाइक में दो युवक आते दिखे, जिन्हें रोकने पर पीछे बैठा एक युवक बाइक से कूदकर फरार हो गया, जबकि एक आरोपी को दबोच लिया गया। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में अपना नाम ईश्वर चंद यादव निवासी प्रेमनगर, पत्थलगांवए जिला जशपुर बताया। आरोपी ने कहा कि वह अपने साथी नितेश अग्रवाल के साथ पत्थलगांव से कापू गांजा बेचने आया था। पकड़े गए आरोपी के पास से 984 ग्राम गांजा मिला, जिसकी कीमत 15000 रुपए बताई जा रही है। कापू पुलिस ने आरोपी ईश्वर चंद यादव व फरार साथी नितेश अग्रवाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, वहीं वहीं फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## चौधरी की पहल से रायगढ़ को मिली 3986 लाख की सड़क की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल रंग लाने लगी है। उनकी सक्रियता और प्रयासों से रायगढ़ जिले की 24 ग्रामीण सड़कों को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल किया गया है। इन सड़कों के लिए कुल 3986.20 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैए जिससे निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वीकृत सड़कों में रायगढ़ कोलाईबहाल, डूमरपाली कुकुर्दा, धनुहारडेरा भाठनपाली, एकताल. सांपखड़, मोहदाभांठा, कोतासुरा. रैबार, कोडातराई, सराईपाली. गोतमा, कुरूपारा. केआईटी कॉलेज, पुसौर. झारमुड़ा, टी.10 से हाथीगड़ा, आमापाली. जामपाली समेत कुल 24 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इनमें सबसे बड़ी लागत की सड़क कोतासुरा से रैबार बस्ती होते हुए मुख्य मार्ग 5.5 किमी है, जिस पर 325.66 लाख रुपये खर्च होंगे। वहीं आमापाली से जामपाली छोटे 2 किमी मार्ग पर 240.51 लाख, टी 10 खरसिया मुख्य मार्ग से हाथीगड़ा 3.6 किमी पर 254.19 लाख रुपये स्वीकृत।

**खास बात**

■ मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना में 24 सड़कों को मिली मंजूरी, ग्रामीण विकास को मिलेगी रफ्तार

## महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार



**रायगढ़।** कोतरारोड पुलिस जिंदल रोड कलमी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जप्त की गई है। वहीं उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। दरअसल मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने गवाहों के साथ जिंदल रोड कलमी के पास घात लगाकर घेराबंदी की, जहां कुछ देर बाद एक बाइक में तीन व्यक्ति आते दिखे। पीछे बैठे दोनों व्यक्तियों के हाथ में जरकीन देख पुलिस ने उन्हें रोका और पूछताछ की। जिसमें उन्होंने अपना नाम होरीलाल झोरखा, लखन लाल व कमलेश सतनामी तीनों निवासी गोरखा बताया। पुलिस ने उनके पास से 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया है।

## अग्निवीर वायु भर्ती, युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**रायगढ़।** भारतीय वायुसेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा अग्निवीर वायु भर्ती वर्ष 2026 के लिए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के अविवाहित पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती के लिए पंजीयन प्रक्रिया 11 जुलाई से शुरू हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई की रात 11 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के लिए आवेदन वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट पर किए जा रहे हैं। यह अवसर उन युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका है जो भारतीय वायुसेना में शामिल होकर राष्ट्रसेवा के साथ साथ एक बेहतरीन करियर की शुरुआत करना चाहते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जुलाई एवं 02 जनवरी 2000 के बीच हुआ है और जो 10.2 या समक्ष परीक्षा विज्ञान समूह गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी में किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्य या केन्द्र शासित राज्य बोर्ड से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो 02 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, आटोमोबाईल, कम्प्यूटर साईंस, इन्स्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी, इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी मान्यता प्राप्त बोर्ड, राज्य अथवा केन्द्र शासित राज्य से 50 प्रतिषत अंकों के साथ तथा जिसमें इंटरमिडि टमैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो 02 वर्षीय व्यावसायिक कोर्स या इंटरमिडिएट मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है ऑनलाईन पंजीयन करवा सकते हैं।

## वाहन चालक ने बाइक को मारी टक्कर, कूदकर बचाई जान

**सक्ती ।** नशे में धुत चालक ने झूलकदम रोड पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के वक्त बाइक पर दो युवक सवार थे, जिन्होंने सतर्कता दिखाते हुए बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, अमित अग्रवाल सूरजभान के सुपुत्र आदित्य अग्रवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात स्कूल वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। आरोपी चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। लापरवाही के कारण बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को जान बचाने के लिए चलती बाइक से कूदना पड़ा। स्थानीय लोगों की माने तो वाहन चालक पूरी तरह से शराब के नशे में था और वाहन को अत्याधिक स्पीट में चला रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है ।

## 12 साल बाद भी सड़क, नाली, पानी, शौचालय की नहीं सुविधा, दुकानदारों में आक्रोश

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम की घोर लापरवाही का शिकार हो रहे चक्रधर नगर रेलवे फाटक के पास विस्थापित दुकानदार आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। चक्रधर नगर बस स्टैंड से हटाए गए इन दुकानदारों को नगर निगम ने रेलवे फाटक के उस पर कॉम्प्लेक्स में दुकानें तो दे दी, लेकिन 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां न तो सड़क बनी न नाली और ना ही पानी की व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने दुकानों के लिए दुकानदारों से शुल्क तो वसूला, लेकिन सुविधाएं देना जैसे भूल गया। इधर शहर के अन्य मोहल्लों की सड़कों का कायाकल्प हो रहा है, लेकिन इस कॉम्प्लेक्स की हालत जस की तस बनी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि वे रोजाना



गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्था में काम करने को मजबूर हैं। दरअसल मांस-मछली विक्रेताओं को नगर निगम ने लॉटरी प्रणाली से पसरे तो आवंटित कर दिया, लेकिन सफाई, पानी, सड़क, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधाएं देना मुनासिब नहीं समझा। क्षेत्र में बदबू और गंदगी के कारण स्थानीय नागरिकों और ग्राहकों को भारी परेशानी हो रही है। रास्ता ही इतना खराब है कि गड्ढों में रोजाना दुर्घटनाएं हो रही है। कभी रेलवे का सामान तो कभी कचरा इस मार्ग को और खतरनाक बना देता है। दुकानदारों ने मांग की है कि नगर निगम आयुक्त व जिला प्रशासन तत्काल इस पर संज्ञान लें और सड़क, नाली, पानी जैसे आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराएं।

### नहीं तो होगा आन्दोलन

दुकानदारों की यह भी मांग है कि जिन दुकानों की अवैध रूप से खरीदी बिक्री हुई है उनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार आवेदन, शिकायत और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बाद भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो प्रभावित दुकानदार आन्दोलन की बात कर रहे हैं।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

# प्रेमनगर से डूडुंगजोर बूढ़ाडांड जाने वाली सड़क जर्जर



पूरी सड़क पर पोखरनुमा गड्ढे से गुजरना मुश्किल हो गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

प्रेमनगर से डूडुंगजोर बूढ़ाडांड जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। छोटे बड़े गढ्डों की संख्या लगभग 400 से 500 होगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की हालत बत्त से बत्तर हो चुकी है। इस सड़क से यात्रा करना मुश्किल भरा है। बावजूद इसके इस सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी है।क्योंकि आने-जाने के लिए कोई और सड़क नहीं है।

- सड़क पर लगभग चार से पांच सौ गड्ढे चलने पर राहगीरों को हो रही परेशानी

दो से तीन दर्जन की संख्या में काफी बड़े-बड़े गड्ढे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क में बन चुका है। यहां चलना है तब गाड़ी को एकदम धीरे धीरे पार करना होगा। अगर ज्यादा स्पीड में इन सड़कों से चलने की कोशिश करेंगे तब गिरे मिलेंगे। इसलिए पत्थलगांव के आसपास के सड़कों पर चलने वाले जरा सावधानी से अपने वाहन चलाएं। क्योकि आप एक गड्ढे को पार नही कर पाएंगे दूसरा गड्ढा मिल जाएगा।आखिर क्या कारण है, कि पत्थलगांव शहर से लेकर आसपास के ज्यादातर सड़क खस्ताहाल में है। जबकि वर्तमान में छतीसगढ़ राज्य के मुखिया स्वयं इसी जिले के हैं। उनके गृह जिले में सड़कों की यह दुर्दशा समझ से परे है। आम लोगों को सड़क अस्पताल और शिक्षा सबसे ज्यादा जरूरत होती है। लेकिन मुख्य मार्ग ही खराब हो तो लोग क्या करें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना है तो गाँव को शहर से जोड़ने के लिए जिससे ज्यादा से ज्यादा गाँव को शहरों के साथ जोड़ा जा सकें पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क में बड़े ट्रक के चलने से सड़कों की हालत खराब हो चुकी है। ज्यादा हैवी ट्रकों के चलने लायक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क नहीं होता,यही कारण है कि सड़क अपने तय समय से पहले ही भारी-भरकम ट्रकों के कारण टूटना और गढ्डों में तब्दील होना शुरू हो जाता है।

## गोमती ने विधानसभा में उठाया मामला

विधानसभा के मानसून सत्र में पत्थलगांव क्षेत्र की जर्जर सड़कों और लंबित निर्माण कार्यों को लेकर विधायक श्रीमती गोमती साय ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से सड़क निर्माण में हो रही देरी से परेशान है।

### विधानसभा में पूछे गए सवाल के तीन मुख्य बिंदु

- 2020-21 से 15 जून 2025 तक पत्थलगांव क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत सड़कों एवं कार्यों का ब्योरा।
- जारी प्रशासकीय स्वीकृतियों के बाद किस सड़क और कार्य के लिए कितनी राशि जारी हुई व कितनी राशि शेष है।
- सड़कों की अद्यतन स्थिति, कार्य में देरी के कारण व कब तक कार्य पूर्ण होंगे।




### लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने दिया जवाब

वर्ष 2020-21 से 15 जून 2025 तक 170 कार्यों को बजट में शामिल किया गया, जिनके लिए 9885.481 लाख रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।इसमें से 67 कार्यों के लिए 47504.37 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हो चुकी है।

## आश्रम छात्रावास का जिला स्तर के नोडल अधिकारी निरीक्षण करके रिपोर्ट शीघ्र जमा करें

# कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का ही नाम भेजें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अधिकारियों को दिखा निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को आगामी 15 अगस्त की तैयारी के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारीयों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी रणजीता स्टेडियम में हर्षोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया जाना है। कलेक्टर ने रणजीता स्टेडियम में मंच, बैठक व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल, बिजली आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विकास खंड कार्यालय और जनपद पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण किया जाना है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय भवनों में रोशनी भी किया जाना है।

कलेक्टर ने कहा कि अपने विभाग के उत्कृष्ट कर्मचारियों का नाम भेजते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उस कर्मचारी ने अपने क्षेत्र में बढ़िया काम किया है और उसका नाम के साथ उल्लेख भी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिन कर्मचारियों को पहले 15 अगस्त और 26 जनवरी में प्रमाण पत्र मिल चुका है उनका नाम दूसरी बार नहीं भेजने के निर्देश दिए हैं। जिन कर्मचारियों को एक भी बार प्रमाण पत्र नहीं मिला है और बढ़िया काम कर रहे उनका नाम भेजने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक सभी एसडीएम जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी आश्रम छात्रावास में निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। बालक छात्रावास के पुरुष अधिकारियों और बालिका छात्रावास के महिला अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी नोडल अधिकारियों को प्रत्येक माह अपने निर्धारित आश्रम छात्रावास का निरीक्षण करना है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता,साफ सफाई, कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, बच्चों का स्वास्थ्य जांच, बिस्तर, चादरें साफ सुथरा है कि नहीं घास फूस झाड़ियां कटे हैं कि नहीं बच्चे सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करते हैं कि नहीं बालिका छात्रावास में सुरक्षा व्यवस्था है कि नहीं सभी बातों का गंभीरता से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिन आश्रम छात्रावास में समस्या है उसको भी प्रशासन के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्टर ने एकलव्य विद्यालय संचालन समिति की ली बैठक

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को एकलव्य विद्यालय संचालन समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता, छात्रों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने आवासीय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बरसात के दिनों में विषैले जानवरों को खतरा बना रहता है इसलिए परिसर की नियमित रूप से सफाई करांए, विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखें। परिसर में झाड़ियां नहीं होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों का नंबर सभी के पास होना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में तत्काल मदद मिल सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने विद्यालय में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने यहां पर अध्ययनरत बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही बच्चों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए की बच्चों को परिसर से बाहर भेजने की स्थिति बनती है तो उनके पालक को ही सुपुर्द करें। बच्चों को अकारण लंबी छुट्टी पर न भेजे।



# एक्सेस टू जस्टिस टीम ने बच्चों को कराया रेस्क्यू

श्रम विभाग को नहीं दी गई जानकारी

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के पुरानी टोली इलाके में स्थित एक टाइल्स दुकान में बाल श्रम का मामला सामने आया है। 12 जुलाई को एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन की टीम जब क्षेत्र में फील्ड विज़िट कर रही थी, तभी गृह प्रवेश टाइल्स नामक दुकान में कुछ छोटे बच्चों को भरी ट्रक से भरी भरकम टाइल्स उतरवाते देखा गया। टीम ने तुरंत मौके की तस्वीरों और जानकारियों को संकलित करते हुए पुलिस को पत्र जारी किया और सहयोग से सभी बच्चों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया। बच्चों की आयु प्राथमिक तौर पर 11 से 14 वर्ष के बीच आंकी गई है।

- रगृह प्रवेश टाइल्स दुकान में ट्रक से उतरवाए जा रहे थे भारी टाइल्स

बच्चों को सीडब्ल्यूसी के समक्ष किया गया प्रस्तुत- बचाव के बाद बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें 14 जुलाई 2025 को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने बच्चों के परिजनों को तलब कर कड़ी समझाइश दी और चेताया कि बाल श्रम एक अपराध है, और यदि दोबारा बच्चों को मजदूरी कराते हुए पाया गया तो कानूनी कार्यवाही तय है।

### कानून का स्पष्ट उल्लंघन

हालांकि, पूरी कार्रवाई में श्रम विभाग की भूमिका शून्य रही, जिसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाल श्रम अधिनियम के तहत यदि कोई नाबालिग से मजदूरी कराता है, तो उस पर 6 माह से 2 वर्ष तक की जेल और 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। लेकिन इस मामले में विभाग को सूचना न देना प्रक्रिया की एक गंभीर चूक मानी जा रही है। यदि श्रम विभाग की मौजूदगी में जांच होती, तो संबंधित दुकान मालिक पर सीधी कार्रवाई संभव थी।

### टीम ने निभाई अहम भूमिका

इस कार्रवाई में एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन टीम की जिला समन्वयक अंजलि ताम्रकार, उनकी सहयोगी बबीता ताम्रकार, किरण कुमारी और अन्य सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा। टीम ने बच्चों को न केवल तत्काल राहत दिलाई बल्कि उनके परिवारों को भी जागरूक किया।

### जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प

जिला समन्वयक अंजलि ताम्रकार ने कहा कि बाल श्रम बच्चों का बचपन छीन लेता है। हम समाज को जागरूक कर रहे हैं और हर बच्चे को स्कूल भेजने की दिशा में काम कर रहे हैं। टीम ने यह भी अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रम से जुड़ा मामला दिखे तो लोग तुरंत प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें।

# गर्भपात कराने के बाद युवती से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के करबला रोड निवासी एक युवक ने प्रेमजाल में फंसाकर युवती के साथ डेढ़ साल तक दुष्कर्म किया। पीड़िता गर्भवती हुई तब आरोपी ने दवाई खिला कर जबरन गर्भपात करा दिया। शादी की बात करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और बेहोश कर फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, 22 वर्षीय युवती का वर्ष 2023 में करबला रोड निवासी तन्नू आलम उर्फ अल्फाज आलम उम्र 23 वर्ष से परिचय हुआ। दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। 8 मार्च 2024 को तन्नू ने उसे एक किराये के मकान में ले जाकर शादी का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह युवती को कई बार उसी मकान में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। मई 2024 में युवती गर्भवती हो गई। इस पर आरोपी ने कहा कि अभी शादी और बच्चे की जिम्मेदारी नहीं उठा सकता और मेडिकल स्टोर से दवा लाकर उसे जबरन खिला दी, जिससे उसका गर्भपात हो गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### महिला अपराधों पर पुलिस की पैनी नजर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के प्रति पुलिस संवेदनशील है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। हमारी टीम ऐसे मामलों में त्वरित और कठोर कार्रवाई करती रहेगी।

# कुख्यात गौ-तस्कर महताब गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ-तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करीब 70 किलोमीटर तक पीछा कर कुख्यात गौ-तस्कर महताब खान को धर दबोचा। आरोपी अपने साथियों के साथ बोलेरो वाहन में गौ-वंश भरकर झारखंड की ओर फरार हो रहा था।



पुलिस गिरफ्त में गौ-तस्करी का आरोपी।

### बोलेरो से भरकर ले जा रहे थे मवेशी

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 0906 में मवेशी भरकर चरईडांड़-दमेरा-जशपुर-भलमंडा होते झारखंड ले जाए जा रहे हैं। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर थाना लोदाम एवं कुनकुरी पुलिस की टीम सक्रिय हो गई। भलमंडा में चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार बोलेरो पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। वाहन का पीछा करते हुए पुलिस अम्बाडांड, रायडीह और साईंटांगरटोली पहुंची, जहां तस्करों ने बोलेरो एक बस्ती में छिपा दिया।

### एक तस्कर पकड़ाया

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि गौ-तस्कर महताब खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके साथी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। ऑपरेशन शंखनाद आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

### पुलिस को देख भागे तस्कर

पुलिस के दबाव के बीच तस्करों ने 5 नग गौ-वंश को पैदल क्रूरतापूर्वक ले जाना शुरू किया, लेकिन जैसे ही पुलिस नजदीक पहुंची, तस्कर मवेशियों को छोड़कर भाग निकले। पूछताछ में ग्रामीणों ने साईंटांगरटोली निवासी महताब खान का नाम लिया, जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

### बोलेरो बरामद, साथी फरार

गिरफ्तार महताब खान पिता ईशाक खान, उम्र 21 वर्ष के मेमोरेंडम पर पुलिस ने बोलेरो वाहन को भी बरामद कर लिया। पूछताछ को उसने बताया कि मवेशी चरखापारा से लाकर झारखंड भेजे जा रहे थे। आरोपी के खिलाफ थाना लोदाम में कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने तस्कर के पास से 5 नग गौ-वंश कीमत 50 हजार रुपए ,बोलेरो वाहन सीजी 15 बी 0906 (कीमत 2 लाख रुपए जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे, कृपा सिंधु तिग्गा, महेश्वर यादव, हेमंत कुजूर और टीम का योगदान रहा।

## शिविर लगाकर बनाएं किसान क्रेडिट कार्ड

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर पीएम जनमन और धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की विस्तार से समीक्षा की उन्होंने कहा की विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों और बिरहोर परिवारों को आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, पेंशन, जन-धन खाता पीएम किसान सम्मान निधि योजना, क्रेडिट कार्ड,जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित बसहाटों तक पूल पुलिया सड़क, बीजली, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें : राठिया

**जशपुरनगर।** सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्री राठिया ने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्यवन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की।

- विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों की विस्तार से की गई समीक्षा

सांसद राधेश्याम राठिया ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद ने विभाग द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और जिन कार्यों में प्रगति धामी है उसमें गति लाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया जिले में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की सतत रूप से निरीक्षण और निगरानी की जा रही है। लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। आम लोगों की सुविधा के लिए भू अभिलेखों को डिजिटल किया जा रहा है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि सिकलसेल जांच में लक्ष्य के विरूद्ध 105 प्रतिशत और राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए गए हैं। सांसद श्री राठिया ने राष्ट्रीय अंधत्व कार्यक्रम में गति लाने के निर्देश भी दिए।



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेते सांसद।

# धीरे चलें सुरक्षित घर पहुंचें : सांसद

**जशपुरनगर।** लोक सभा सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। सांसद राधेश्याम राठिया ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहा और दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि धीरे चले और सुरक्षित पहुंचे लोगों यातायात के नियमों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, पुलिस विभाग की डीएसपी मंजुलता बाज और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री व्यास ने बताया कि दुर्घटना को रोकने के लिए लोगों में जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर चलान काटने की कार्रवाई की जा रही है। जिन जगहों पर ज्यादा दुर्घटना होती है, उन जगहों को सुधारा जा रहा है और संकेत चिह्न भी लगाया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने दुर्घटना को रोकने के लिए सीसीटी कैमरा लगवाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों में तेज रफ्तार से वाहन चलाने पर तत्काल ऑनलाइन चालान कट जाता है वैसे प्रकिया अपनाया जा सकता है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि यातायात नियमों के उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में 1 जनवरी से 13 जुलाई तक 9983 प्रकरणों को दर्ज किया गया है और 43,68,300 राशि का जुर्माना काटा गया है। इसके साथ ही यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 52 वाहन चालकों का लाईसेंस निलंबित किया गया है। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि लोगों में जन जागरूकता अभियान के तहत स्कूल और कॉलेजों में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम, हेलमेट रैली, निःशुल्क हेलमेट वितरण, स्कूल बसों और आटो वाहन का फिटनेस चेक, नुक्कड़ नाटक, यातायात जागरूकता रैली, नेत्र परीक्षण, लाइसेंस शिविर का आयोजन, वाहनों में रेडियम पट्टी, आदि अभियान चलाया जा रहा है।

- हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की अपील
- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## खबर संक्षेप

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम धुमाडांड़ निवासी स्व. देवमति बाई का आकाशीय बिजली से 03 जून 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पुत्र सुखराम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### ट्रक चालक ने मशीन को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पेट्रोल पंप में डीजल भरवाने आए ट्रक के चालक ने डीजल भरवाने के पश्चात लापरवाही पूर्वक चलाते हुए डीजल मशीन को टक्कर मार दी। मैनेजर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर निवासी हरिओम सिंह जोबगा हरकटाडांड स्थित पेट्रोल पंप में मैनेजर के पद पर पदस्थ है। गत दिन पेट्रोल पंप में मौजूद था तभी ट्रक क्रमांक सीजी 22 एक्स 6257 का चालक वाहन में डीजल भरवाने आया। वाहन में डीजल भरवाने के बाद चालक उतावलेपन में वाहन लापरवाही पूर्वक चलाते हुए डीजल भरने वाला मशीन को टक्कर मार दी। घटना को देख मैनेजर सहित लोगों ने रुकवाया तो चालक वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** विधवा महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी महिला के पति की मृत्यु वर्ष 2018 में हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद लाल सेखन ने विधवा महिला को शादी करने का झांसा दिया और वर्ष 2021 से लगातार दुष्कर्म करते आ रहा है। अब जब महिला ने शादी की बात की तो आरोपी ने उससे गाली गलौज कर जान से मारने दी धमकी दी और मारपीट की। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में आरोपी शंकरगढ़ महुआडीह निवासी लालसेखन केंवट आ. स्व. रामाधार केंवट को बीएनएस की धारा 69 ,294, 351 (2) 115(2) के तहत गिरफ्तार किया है।

### कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जशपुरनगर।** प्रांतीय आह्वान पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कुनकुरी शाखा ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई बुधवार को एसडीएम नंदजी पाण्डेय को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में फेडरेशन के अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, उपाध्यक्ष वाई आर कैवर्त,सचिव प्रभुशंकर श्रीवास्तव , शिक्षक संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल सिंह एवं बिहारी नायक,पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष विनय यादव,कृषि विस्तार अधिकारी संघ के पदाधिकारी अजय राय,कमलेश्वर पैंकरा, पंचायत विभाग के जनक साय पैंकरा सहित शासन के विभिन्न विभागों शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पंचायत विभाग,राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों के कर्मचारी तथा अधिकारी सम्मिलित रहे।विदित हो कि कर्मचारी एवं अधिकारी मोदी की गारंटी के तहत चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार केंद्र के समान महंगाई भत्ता देय तिथि से जारी करने,वेतन विसंगति दूर करने, पुरानी पेंशन का लाभ पूर्ण सेवा अवधि के आधार पर देने,चार स्तरीय वेतनमान जारी करने,अर्जित अवकाश का नकदीकरण मध्यप्रदेश के समान 300 दिन करने,क्रमोन्नत वेतनमान जारी करने,कैशलेस चिकित्सा,संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण आदि को लेकर आंदोलन की राह पर हैं।



## रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

लाइफ Style

# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'



हॉलीवुड मसाला



## स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।




## हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



## ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति


**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



## कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

टीवी मसाला



## जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्स्ट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी जिंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

### इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।

## ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते





आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

## नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन



अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

### पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

## ओम नम: शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप



### घरघोड़ा में विश्व कौशल दिवस मनाया गया

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या शाला घरघोड़ा में शिक्षक छात्राओं ने मिलकर विश्व कौशल दिवस मनाया। जिसमें आज के कार्यक्रम का थीम आई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण था जिसमें कक्षा नवमी से बारह तक के समस्त व्यावसायिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें व्यावसायिक छात्राओं द्वारा विश्व कौशल दिवस के बारे में मॉडल ड्राइंग बनाते हुए अन्य गतिविधि के बारे में जानकारी हासिल की एवं मॉडल पोस्टर में बनाए गए चित्रों के बारे में बताया। विश्व कौशल दिवस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य हरिश्चंद्र बेहरा, व्यावसायिक प्रशिक्षक संतोष साव प्रमोद साहू एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपस्थित होकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कौशल दिवस के माध्यम से उद्यामिता को प्रोत्साहित करते हुए छात्राओं के मध्य आत्मनिर्भर की भावना को जागृत करना है। इस अवसर पर प्रशिक्षक संतोष साव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा की जानकारी प्रदान की। प्रमोद साहू ने छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल पोस्टर को बेहतरीन प्रयास बताते हुए प्रोत्साहित किया। प्रभारी प्राचार्य श्री बेहरा ने समस्त सहभागी छात्राओं को शुभकामना प्रदान करते हुए शैक्षणिक स्कूली गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की बात कही।

### प्लेसमेंट कैम्प 18 जुलाई को 51 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़।** जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ द्वारा 18 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे से एक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 51 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। प्रमुख रूप से शामिल कंपनियों में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ आयुर्वेद, रायगढ़ और हिताची कैश मैनेजमेंट सर्विस प्रा लि रायपुर शामिल हैं।

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**अकलतरा।** ग्राम बनाहिल के तिवारी पेट्रोल पंप के सामने बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई एवं बाइक चालक सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा भेजा गया जहां से उन्हें बिलासपुर अपोलो ले जाया गया है। महिला के शव को पामगढ़ मर्चुरी भेज गया है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि लगभग 4 बजे उषा बर्मन पति कमलेश बर्मन लगभग 35 वर्ष अपने मायके चंडीपारा पामगढ़ से अकलतरा की ओर अपने पति कमलेश बर्मन के साथ बाइक से आ रही थी। बाइक में उनके साथ उनके तीन बच्चे भी सवार थे । जब बाइक बनाहिल के तिवारी पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो पीछे से आ रही बोलेरो ने बाइक को टक्कर मारी जिससे बाइक गिर गई और सामने से आ रही ट्रक से टकराते हुए जाकर उसके पहियों में फंस गई।

**न्यायालय तहसीलदार, सरिया**
**जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.
बी-121 / वर्ष 2024-25
ग्राम सरिया तहसील सरिया
जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय अग्रवाल पिता रामप्रसाद अग्रवाल निवासी सरिया तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा आवेदन पेश कर आवेदक अपने पुत्री समृद्धि अग्रवाल के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति एवं शैक्षाणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित आर्थिक कमजोर वर्ग (E.W.S) के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने का लेखकर आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने निवेदन किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 25/07/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सरिया**

## संविदा कर्मियों ने सरकार से लिखित फैसले की मांग की

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यानी एनएचएम के तहत कार्यरत संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी 16 और 17 जुलाई को दो दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल पर हैंख जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले ग्रामीण और प्राथमिक केंद्रों पर असर पड़ा है।

रायगढ़ सहित प्रदेश के तमाम जिलों में सैकड़ों एनएचएम कर्मी हाथों में तख्तियां बैनर लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान वेतन विसंगति, नियमितीकरण सेवा सुरक्षा और मानव संसाधन कल्याण योजनाओं का लाभ देने की मांग की जा रही है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारीयों ने कहा हम 20 वर्षों से संविदा पर काम कर रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग की बुनियादी ज़िम्मेदारी हमारे कंधों पर है। इसके बावजूद सरकार हमें केवल मौखिक आश्वासन देती है। अब बात वादों की नहीं, लिखित निर्णय की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में स्वास्थ्य सचिव के साथ हुई बैठक भी बेनतीजा रही, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी और अधिक बढ़ गई है।



**कहां-कहां पड़ा हड़ताल का असर**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी सेवाएं ठप। टीकाकरण और पोषण जागरूकता कार्यक्रम प्रभावित। गर्भवती महिलाओं की जांच और ग्रामीण शिविर स्थगित। आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर स्टाफ नदारद।

**अब आरपार की लड़ाई**

संघ का साफ कहना है कि वर्षों से सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं, अब आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। अगर सरकार ने जल्द ही कर्मचारियों की मांगों को लेकर लिखित घोषणा नहीं की, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन भी किया जा सकता है।

**500 से ज्यादा संविदा कर्मी**

छत्तीसगढ़ में एनएचएम के अंतर्गत लगभग 16,000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत हैं, जो कि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में टीकाकरण, मातृ.शिशु देखरेख, स्वास्थ्य शिविर, आरोग्य केंद्रों की जिम्मेदारी संभालते हैं। अकेले रायगढ़ जिले में ही 500 से अधिक कर्मचारी स्वास्थ्य योजनाओं में योगदान दे रहे हैं।

**विस सत्र में उठ सकता है मामला**

यह आंदोलन ऐसे समय पर हो रहा है, जब छत्तीसगढ़ विधानसभा का सत्र जारी है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि इस बार सिर्फ बात नहीं, लिखित निर्णय होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो संघ ने चेताया है कि यह हड़ताल और बड़ा रूप ले सकती है।

# गांव के चौराहे पर की थी युवक की हत्या, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

■ न्यायालय के फैसले से पीड़ित परिवार को मिला न्याय

ग्राम पंचायत चोटिगुड़ा में 21 जनवरी 2022 को हुई जघन्य हत्या की घटना में न्याय की बड़ी पहल हुई है। विद्वान जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय, रायगढ़ के न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आरोपी संजय मिश्रा को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला न्याय व्यवस्था में जनआस्था की पुनः पुष्टि करता है।

उल्लेखनीय है कि घटना के दिन नशे की हालत में संजय मिश्रा ने धारदार हथियार बिधना से युवक उमेश राठिया की नाभि के पास वार कर निर्ममता से हत्या कर दी थी। यह वारदात गाँव के चौक में हुई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। हत्या के बाद आरोपी फरार होने की फिराक में था, लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी अमित सिंह की कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसडीओपी सुशील नायक के मार्गदर्शन में अमित सिंह ने जिस गंभीरता और निष्पक्षता के साथ मामले की विवेचना की, उसने इस केस को मज़बूत मुकाम तक पहुँचाया। घरघोड़ा पुलिस ने घटना के तत्काल बाद अपराध क्रमांक 15/22 के तहत मामला दर्ज कर, साक्ष्य संकलन में कोई कसर नहीं छोड़ी। गवाहों के बयान, तकनीकी सबूत और घटनास्थल से जुड़े तथ्यों को सुनियोजित ढंग से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश सिंह ठाकुर ने प्रभावशाली पैरवी की, जिससे संजय मिश्रा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

# घरघोड़ा में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने किया प्रदर्शन

■ मोदी की गारंटी लागू करने की मांग के साथ सौंपे ज्ञापन



**घरघोड़ा।** सभी मान्यता प्राप्त संगठन एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का प्रतिनिधि संगठन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के निर्णय अनुसार आज प्रथम चरण 16 जुलाई को घरघोड़ा तहसील सायं 4 बजे सभी अधिकारी कर्मचारी एकत्र हो कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन तहसीलदार मनोज गुप्ता को सौंपा गया, इस अवसर पर पेंशनर भी उपस्थित होकर समर्थन किए। फेडरेशन के अध्यक्ष एवं प्रदेश तृतीय वर्ग शा कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने 11 सूत्रीय मांगों को बताया केंद्र के समान 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि दिया जाय। जुलाई 19 से से समय समय देय मंहगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का जी पी एफ खाते समायोजन किया जाए। वेतन विसंगति हेतु गठित पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाय। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत वेतन मान प्रदान किया जाए। सहायक शिक्षक पद पर नियुक्त एवं सहायक पशु चिकित्सा को तृतीय समयमान वेतन मान का आदेश दिया जाय। कर्मचारियों के लिए कैशलेश चिकित्सा सुविधा लागू की जाय। अनुकंपा नियुक्ति निः शर्त स्थाई आदेश जारी जाय वर्तमान 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त किया जाय। मध्य प्रदेश की भांति शासकीय सेवकों को 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण किया जाय। पुरानी पेंशन का लाभ हेतु एनपीएस खातों में कटौती तिथि से सेवा गणना जाय। सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवा निवृत आयु 65 वर्ष की जाय। कार्यभारित, संविदा, दैनिक वेतन कर्मचारी का नियमति करण करते हुए नियमित पदस्थापना में पदस्थ किया जाए। इस आंदोलन में छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघएलिपिक, स्वास्थ विभाग, महिला बाल विकास विभाग, लघु वेतन, पंचायत विभाग, विकास खंड शिक्षा ऑफिस, जनपद ऑफिसएपी डब्ल्यू डीएआर ई एस ऑफिस, तहसील ऑफिस, रेशम विभाग, शिक्षा विभाग, आत्मा नंद स्कूल, हाई स्कूल एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लिए 22 अगस्त तक मांगे पूरी नहीं होने पर पूरे प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी एक दिवस की सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

### अदाणी ने धरमजयगढ़ के स्कूलों में बांटे बैग

**धरमजयगढ़।** गाँवों में शिक्षा को सशक्त बनाने और बच्चों को बेहतर भविष्य की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन ने धरमजयगढ़ ब्लॉक के पुरंगा पंचायत स्थित कन्या आश्रम सहित पाँच शासकीय विद्यालयों में स्कूल बैग वितरित किए। इस पहल से 324 छात्र छात्राओं को लाभ मिला जिनमें प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी शामिल थे। यह पहल देश के दूरस्थ क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। फाउंडेशन का मानना है कि शिक्षा ही वह नींव है जिस पर आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। बैग वितरण कार्यक्रम कन्या आश्रम पुरंगा, मिडिल स्कूल पुरंगा, प्राइमरी स्कूल टेलीपारा, प्राइमरी स्कूल कोकदर और प्राइमरी स्कूल पुरंगा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पुरंगा की सरपंच श्रीमती नरहरी राठिया रहीं, जबकि अध्यक्षता उपसरपंच अजय गुप्ता ने की। अदाणी ग्रुप की पुरंगा परियोजना के साइट हेड मनोज कुमार ने बच्चों को अपने हाथों से बैग वितरित किए।

# सरिया में नई तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सरिया।** सरिया में शीघ्र ही नवीन तहसील कार्यालय व नवीन रजिस्ट्री कार्यालय का उद्घाटन होना है। इसके लिए बुधवार को कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बता दे की वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी ने 5 माह पहले सरिया में रजिस्ट्री कार्यालय की घोषणा की थी। जो शीघ्र ही अब पूर्ण होने वाला है। इसके लिए कलेक्टर के द्वारा आज भवन का निरीक्षण किया गया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय एवं रायगढ़ विधानसभा के सरिया में मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी के प्रयास से विकास की गंगा बह रही है। 5 माह में ही रजिस्ट्री कार्यालय प्रारंभ होने से अंचल में हर्ष प्राप्त है। बता दे कि इसके पहले क्षेत्र के लोगों को सारंगढ़ जाना पड़ता था। विगत दो चार दिनों से सरिया क्षेत्र के 80 ग्रामों का रजिस्ट्री कार्य सारंगढ़ में बंद हो गया है। अब शीघ्र ही सरिया में रजिस्ट्री कार्य होने लगेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को इसका उद्घाटन होना बताया जा रहा है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौज ने आज नवीन तहसील कार्यालय भवन एवं रजिस्ट्री कार्यालय की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया कि शीघ्र ही नवीन तहसील कार्यालय वह रजिस्ट्री कार्यालय का उद्घाटन होगा।

कलेक्टर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यालय के खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और तहसील व रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों में आसानी होगी। इस मौके पर कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौज सरिया नगर पंचायत परिसर भी पहुंचे और यहां अटल परिसर का भी निरीक्षण किया । उन्होंने नगर पंचायत सीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। तत्पश्चात कलेक्टर सरिया के पीएम स्कूल पहुंचे। जहां छात्रों से भेंट मुलाकात कर शिक्षक के रूप में कलेक्टर छात्रों के बीच उपस्थित हुए। उन्होंने छात्रों से ब्लैक बोर्ड में लिखे हुए अक्षरों को पढ़ने के लिए कहा। जहां छात्रों ने कलेक्टर के सामने बेहिचक बोर्ड में लिखे हुए इंग्लिश वाक्यों को पढ़कर बताएं। कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूल के मिड डे मील का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में कमलेश अग्रवाल अध्यक्ष नगर पंचायत सरिया ने बताया कि सरिया में शीघ्र ही नवीन तहसील कार्यालय एवं नवीन रजिस्ट्री कार्यालय का उद्घाटन होगा इसके लिए कलेक्टर बुधवार को नवीन भवन का निरीक्षण किए हैं तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं उन्होंने बताया कि अटल परिसर का भी इसी दिन उद्घाटन होगा इसके तैयारी प्रारंभ हो गई है कलेक्टर पीएम श्री स्कूल का भी निरीक्षण किया।

# एक साथ रिटायर हुए हायर सेकेंडरी स्कूल के दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



तहसील मुख्यालय पुसौर स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल से 2 व्याख्याताओं का एक साथ सेवा निवृत्त कार्यक्रम समारोह का आयोजन यहां के मंगल भवन में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों एवं स्कूल के छात्रों के उपस्थिति में हुआ।

जानकारी के मुताबिक उक्त आयोजन के लिए शाला समिति के अध्यक्ष भरत षडंगी और संतोष यादव, प्राचार्य अमरबेली केरकेट्टा सहित समूचा स्कूल परिवार पिछले कई दिनों से तैयारी में थे, जिसके लिए विधिवत निमंत्रण भी वितरण किया था। मंगलवार को लगभग 10 बजे से प्रारंभ हुए उक्त कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर, उपाध्यक्ष उमेश साव, पार्षद बरूण महणा प्रदीप यादव, फगुलाल प्रधान निराकार पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे वहीं सेवा निवृत्त एवं गणमान्य व्यक्तियों में पं. गुणनिधि सतपथी, खगेश्वर पटेल, दिलीप पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। स्कूल परिवार के लोगों में वरिष्ठ शिक्षक रघुनाथ साव तथा नैमिश पाणिग्राही समूचे कार्यक्रम को कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मंच संचालन किए। लगभग 3 बजे तक चले उक्त कार्यक्रम में सेवा निवृत्त हुए व्याख्याता आर के पटेल व सौदागर चौहान को सर्वप्रथम मुख्य अतिथि की आसंदी में ससम्मान बिठाया गया और उनका स्कूल परिवार क्रमषः माल्यार्पण करते हुए उनका अभिनंदन किया।

इसी कडी में उपस्थित गणमान्य लोगों तथा कई छात्रों ने भी इनके साथ बिताये खट्टे मिठे यादों को साझा किया। पूर्व नगर अध्यक्ष किशोर कसेर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक कभी सेवा निवृत्त नहीं होते चूंकि इनसे जुड़े हुए लोग इनके सेवा निवृत्ति के बाद भी इनसे शिक्षार्जन करते रहते हैं। नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने अपने उदबोधन में कहा कि सेवा निवृत्ति दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में इसे अंगीकार करना चाहिए चूंकि सेवा निवृत्त शिक्षक के कार्यकाल दरमियान जो सीख सामने आती है उससे प्रेरणा लेकर आगे बढने का अवसर मिलता है। आगे इन्होंने कहा कि छात्रों को अपने माता पिता और गुरू का सम्मान करना चाहिए।

# पुसौर विकासखण्ड में व्यापक पौधरोपण

**रायगढ़।** जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया है। जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह में आयोजित इस अभियान के तहत जिले भर में अब तक 66 हजार 742 पौधे रोपे जा चुके हैं यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विकास खंड पुसौर में इस अभियान के तहत 12 हजार 30 पौधों का रोपण किया गया, जो जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रति समुदाय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्य में जनपद सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी आशीष भारती, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक और पंचायत बॉडी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान ने बड़े हरदी हाई स्कूल में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे रोपे। उन्होंने सभी को पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया।



**गतिविधियों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया**

ग्राम पंचायतों के सहयोग से 3491 पौधे, मनरेगा के तहत 3485 पौधे, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा 3645 पौध, शासकीय और निजी विद्यालयों छात्रावासों में 1,169 पौधे तथा आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर 240 पौधे रोपे गए।

**जिलेभर में व्यापक भागीदारी**

रायगढ़ जिले में इस अभियान को एक जन आंदोलन का रूप देने के लिए विभिन्न समुदायों और संगठनों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। जिला प्रशासन, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और स्थानीय निकायों ने समन्वय के साथ कार्य किया। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों ने भी इस अभियान को गति प्रदान की, जिसमें विधायकों, सांसदों और स्थानीय नेताओं ने पौधरोपण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और लोगों को प्रेरित किया।

## ग्रामीण से रूबरू हुए, किसानों से की सार्थक चर्चा

# जिले के अंतिम छोर तक पैदल पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे बुधवार को जिले के अंतिम छोर में पहुंचे और ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होंने गांव के कच्ची सड़क में पैदल चलकर किसानों की कड़ी मेहनत लगन से की गई मक्का खेत तक पहुंचे और किसानों से रूबरू हुए। उन्होंने किसानों की मेहनत को साधुवाद देते हुए कहा कि क्षेत्र के किसान बहुत जागरुक है।

कृषि के क्षेत्र में सरिया क्षेत्र अव्वल है। उन्होंने किसानों के बीच घंटे बिताए और ग्रामीणों की समस्या से भी रूबरू हुए। ग्रामीण जन कलेक्टर को अपने बीच पाकर प्रफुल्लित हुए और अपनी दुखड़ा सुनाए भी। जहां कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने का हर संभव आश्वासन दिया। देखिए हमारे सरिया रिपोर्टर वीरेंद्र सोनी की कलेक्टर के साथ ग्राउंड रिपोर्ट। सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे बुधवार को महानदी के तटवर्ती ग्रामों का निरीक्षण किया। इस दौरान सारंगढ़ बिलाईगढ जिले एवं छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर पर बसे ग्राम तोरा तक पहुंचे। कच्ची सड़क होने का बावजूद भी कलेक्टर ग्रामीणों के बीच जाना उचित समझा। इस दौरान उन्होंने ग्राम तोरा के किसान प्रदीप साहू के मक्का खेत तक पहुंचे और प्रदीप साहू से खेती किसानी के संबंध में चर्चा की। जहां प्रदीप साहू ने कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे को अपने बीच पाकर काफी प्रफुल्लित हुए और उन्होंने कलेक्टर महोदय से गांव की तकदीर बताई। प्रदीप साहू ने बताया कि हमारे गांव के अधिकांश किसान मक्का की खेती करते हैं और मक्का यहाँ से व्यापारी आकर ले जाते हैं। जिससे किसानों को अच्छी मुनाफा होता है। कलेक्टर से रहा नहीं गया और वे ग्राम तोरा के अंतिम छोर तक पहुंचे। जहां मंगल भवन पर ग्रामीण महिलाएं दोपहर में बैठी थी। कलेक्टर को अपने बीच पाकर ग्रामीण महिलाओं ने कलेक्टर को अपनी समस्याएं बताई। जहां कलेक्टर छत्तीसगढ़ी में महिलाओं से चर्चा करते हुए उनकी समस्या सुनी। ग्रामीण महिलाओं ने बाढ़ राहत शिविर मंगल भवन जो शासन द्वारा दो मंजिला बनाया गया है। वहां आवश्यक सुविधाओं की मांग की। जहां कलेक्टर महोदय ने शीघ्र ही अधिकारियों को निर्देशित किया। और यहां आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर को ग्राम तोरा के किसानों ने मक्का भेंट किया। पहली बार कलेक्टर को ग्रामीण अपने बीच पाकर काफी प्रफुल्लित हुए। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। कलेक्टर ग्राम तोरा के शासकीय प्राथमिक शाला भूमि पहुंचे और वहां सरपंच एवं शिक्षकों से भेंट मुलाकात की।

